तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 4 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2
एसईसीएल कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था बदहाल



**खबर संक्षेप**

### शिवनाथपुर में 12 ग्राम पंचायतों हेतु जनसमस्या निवारण शिविर आज

**अम्बिकापुर।** सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत 4 जून को विकासखण्ड सीतापुर के शिवनाथपुर शिविर स्थल (हाई स्कूल के पास) में शिविर लगेगा। जिसमें 12 ग्राम पंचायतों भारतपुर, बेलजोरा, ढोढागांव, गेरसा, धरमपुर, गिरहुलडीह, केरजू, कुनमेरा, सरगा, शिवनाथपुर, रजौटी, ललितपुर के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीतापुर होंगे। बता दें शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 10 जून तक जिले में शिविर आयोजित होंगे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम सिमरो मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन चालक के लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिरौली निवासी शालिक राम आ. धरम पाल (30 वर्ष) 1 जून को परिचित का बाइक लेकर अकेले अपने साढ़ू के यहा दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सिमरो मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार कर फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिचित लोगों ने घायल को बिजूरी अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात परिजन को घटना की सूचना दी। परिजन बिजूरी अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने घायल को अनुपपुर रेफर कर दिया जिस पर परिजन घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### सीतापुर क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन करते 9 वाहन जब्त

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। खनि अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जून को खनिज अमला द्वारा सीतापुर तहसील अतंर्गत ग्राम केसला घाट, मंगरेलगढ़, बिठुआ, लमगांव, ढेलसरा, राधापुर, प्रतापगढ़ आदि क्षेत्र में खनिज परिवहन करते वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नीला स्वराज सोल्ड ट्रैक्टर वाहन चालक राकेश कुमार सतनामी वाहन मालिक इमामुदिन खान, सीजी 15 एई 3770 वाहन चालक मालिक खिलावन, सीजी 14 ई 1555 वाहन चालक अमन खलखो वाहन मालिक विजय कुमार, सीजी 15 डीयू 9515 वाहन चालक असीम वाहन मालिक गुड्डू तिग्गा, महेन्द्रा सोल्ड ट्रैक्टर लाल वाहन चालक उमीद कुमार वाहन मालिक कन्हैयालाला यादव, मैसी 246 सोल्ड ट्रैक्टर लाल वाहन चालक मालिक कोमल सिंह, मैसी 5245 सोल्ड ट्रैक्टर लाल वाहन चालक पुष्प राज सिंह वाहन मालिक जगेश्वर सिंह, महेन्द्रा लाल सोल्ड ट्रैक्टर वाहन चालक रिपेल माझी वाहन मालिक आशीष खेस, जॉन डीयर ट्रेक्टर सोल्ड वाहन चालक प्रदीप मिंज वाहन मालिक नईम अंसारी द्वारा बिना अभिवहन पास खनिजों का परिवहन करते पाए गए। वाहनों पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर थाना सीतापुर की अभिरक्षा में अग्रिम आदेश तक रखा गया। सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (4) एवं एमएमडीआर की धारा 21 (5) एवं 23 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर विभाग की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# फिर सक्रिय हुआ विक्षोभ, फिलहाल अंधड़-बारिश से नहीं मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बारिश के कारण नौतपा के आखिरी चार दिन रहे बेअसर
- अब तक 137 मिमी वर्षा, उमस से हलाकान लोग

लगातार चल रहे अंधड़ एवं बारिश से फिलहाल राहत मिलने की संभावना नहीं है। पूर्व में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अभी खत्म नहीं हुआ है और उत्तर भारत में एक नया विक्षोभ प्रभावी हो गया है। विक्षोभ के साथ ही देश के अलग-अलग क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका प्रभावी है जिसके कारण आगामी दिनों में भी तेज गरज-चमक होने एवं अंधड़ के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

इस बार मौसम चक्र में व्यापक बदलाव आया है। पछुआ विक्षोभ एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से इस बार मई में सामान्य गर्मी पड़ी तथा मध्य मई के बाद से ही अंधड़-पानी का क्रम शुरू हो गया था जो अब तक जारी है। नौतपा में हर साल भीषण गर्मी पड़ती है लेकिन इस बार नौतपा में चार दिन ही मौसम शुष्क रहा। नौतपा में कई बार तापमान 44 डिग्री के ऊपर पहुंच जाता है। प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी भी पड़ी लेकिन इस गर्मी का प्रभाव उत्तर छत्तीसगढ़ तक नहीं पहुंच पाया। नौतपा में 4 दिन ही गर्मी पड़ी तथा अधिकतम तापमान 43 डिग्री को भी नहीं छू सका तथा दिन का तापमान 42.8 डिग्री तक ही सीमित रहा। हालांकि गर्म हवाएं चलने के कारण क्षेत्रवासी इस गर्मी में भी स्वयं को बेहाल महसूस कर रहे हैं। मानसून की दस्तक के पूर्व सरगुजा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ती है तथा मानसून के केरल तट पर दस्तक देने पूर्व ही मानसून पूर्व की गतिविधियां प्रारंभ हो जाती है। इस बार गर्मी शुरू होने के बाद बेहद कम वर्षा हुई। अप्रैल में छिटपुट वर्षा हुई थी लेकिन मई में प्रायः हर सप्ताह अच्छी वर्षा होती रही तथा गर्मी अपना असर नहीं दिखा सकी। नौतपा के अखिरी चार दिनों में लगातार अच्छी वर्षा हुई तथा पूरे सरगुजा संभाग में वर्षा प्रभावी रही। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ, चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभाव से आगे भी मौसम के इसी तरह बने रहने एवं दोपहर तक धूप निकलने एवं अपराह्न में आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने एवं अंधड़ व गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण आगामी दिनों में भी दोपहर बार स्थानीय प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।



### 15 जून तक पहुंचेगा मानसून

इस बार केरल तट पर चार दिन विलम्ब से 4 जून को मानसून दस्तक देगा। मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए मानसून के 15 जून के आसपास सरगुजा में दस्तक देने की संभावना जताई जा रही है। मानसून के समय पर पहुंचने के लिए अरब सागर अथवा खाड़ी में लो-प्रेशर या चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता को भी आवश्यक माना जा रहा है।

### लगातार बदल रही हवा की दिशा

मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान दक्षिण केरल तट से दूर अरब सागर के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है वहीं उत्तर पूर्वी एवं उससे सटे पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। असम के मध्य भाग के ऊपर पूर्वी मध्यप्रदेश व उससे सटे छत्तीसगढ़ के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के ऊपर से उत्तर पूर्वी तमिलनाडु तक विदर्भ, तेलंगाना एवं रायलसीमा से होते हुए फैला है। उत्तर पश्चिम यूपी एवं आसपास के क्षेत्रों व उत्तर पूर्वी राजस्थान के ऊपर एक परिसंचरण सक्रिय है वहीं उत्तर-पश्चिम भारत में विक्षोभ प्रभावी है। एक साथ आधा दर्जन चक्रवाती परिसंचरणों के प्रभाव से लगातार हवा की दिशा बदल रही है। सुबह उत्तर-पूर्व की नमीयुक्त जबकि शाम में दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम की गर्म हवा चल रही है। मौसम विज्ञानी 6 जून को चक्रवाती परिसंचरणों के कमजोर पड़ने के बाद हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना जता रहे है। मौसम विज्ञानी 6 जून के बाद तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### अघोषित विद्युत कटौती बनी चुनौती

वर्तमान में आए दिन हो रही अघोषित विद्युत कटौती जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। अपराह्न में गरज-चमक एवं बारिश शुरू होते ही पूरे शहर की बिजली गुल हो जा रही है। घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग व्यवस्था सुधारने की कोशिशें नहीं कर रहा है। बुधवार को अपराह्न 4 बजे गरज-चमक के साथ वर्षा हुई इस दौरान शाम 4 बजे से 6.45 तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। शाम 5.30 बजे 10 मिनट तक विद्युत आपूर्ति सुचारू रहने के बाद दोबारा 7.45 बजे तक गुल रही। मंगलवार को भी हल्की बारिश होने के दौरान शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक पूरे शहर की आपूर्ति ठप रही।

### सिस्टम के प्रभाव से बारिश

अलग-अलग क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव आया है तथा लगातार बारिश हो रही है। इसी के प्रभाव से हवा की दिशा भी बदल रही है। चक्रवाती परिसंचरण के कमजोर पड़ने के बाद अंधड़-बारिश में कमी आने की संभावना है।

-**अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी

## विधायक व नायब तहसीलदार के बीच विवाद का मामला पटाक्षेप की ओर

# तहसील कार्यालयों में छाई वीरानी कार्यों के लिए भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- दिन भर के घटनाक्रम के बाद देर शाम हड़ताल समाप्त होने की खबर

सीतापुर विधायक एवं नायब तहसीलदार विवाद के कारण राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। राजस्व अधिकारियों की हड़ताल से तहसील कार्यालयों में वीरानी छाई हुई है। राजस्व विभाग से संबंधित अपने-अपने अलग-अलग कार्यों को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को निराश होकर खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

तहसीलदारों की हड़ताल के बाद तहसील कार्यालय नियमित खुल रहे हैं लेकिन अधिकारी नहीं पहुंच रहे हैं। हड़ताल से राजस्व पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों ने भी कामकाज बंद कर दिया है। ऐसे में भूमि का नामांतरण, बंटाकन सहित राजस्व से संबंधित अन्य सभी काम ठप हो गए है। तहसील कार्यालयों में मामलों की सुनवाई भी बंद है। कार्यालय में सिर्फ रीडर उपस्थित हो रहे हैं तथा दूर-दराज से आने वाले लोगों को अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल के कारण लंबित मामलों की सुनवाई सहित अन्य कार्यों से ठप होने की जानकारी दे रहे है। तहसीलदार सहित विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण भूमि पंजीयन पर विपरीत प्रभाव देखा जा रहा है। पटवारियों द्वारा भूमि पंजीयन के लिए आवश्यक 16 बिन्दु जानकारी नहीं दी जा रही है जिससे लोग भूखण्डों का पंजीकरण नहीं करा पा रहे हैं। कॉलेजों द्वारा नये शिक्षा सत्र की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश आवेदन के लिए विद्यार्थी आय-निवास एवं जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि निर्धारित समय पर उन्हें प्रमाणपत्र नहीं मिला तो उनका साल बर्बाद हो जाएगा तथा कॉलेज में उनका प्रवेश नहीं होगा। फिलहाल विवाद का निराकरण होता नहीं दिख रहा है। विधायक एवं समर्थक राजापुर नायब तहसीलदार की गिरफ्तारी करने की मांग कर रहे हैं वहीं नायब तहसीलदार व तहसीलदार मारपीट करने वाले विधायक एवं उनके समर्थकों की गिरफ्तारी की मांग लेकर प्रदेश स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।



वीरान तहसील कार्यालय।

## कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, विधायक विवाद में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग



नायब तहसीलदार के साथ स्थानीय विधायक और उनके समर्थकों द्वारा की गई मारपीट एवं राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की हड़ताल से आमजन को हो रही परेशानी के संबंध में बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। सत्तादल और प्रशासनिक व्यवस्था के मध्य उत्पन्न टकराव को संवैधानिक तंत्र की विफलता मानते हुए कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन की मांग की है।

विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है कि क्षेत्रीय विधायक और उनके समर्थकों ने राजापुर के नायब तहसीलदार पर विधायक की बहन का काम नहीं करने एवं उसके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा 27 मई को एसडीएम की उपस्थिति में नायब तहसीलदार के साथ मारपीट की थी। घटना को लेकर दोनों पक्ष ने एक दूसरे के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। मामले में विधायक और उनके समर्थकों की गिरफ्तारी की मांग लेकर राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। खरीफ सीजन के 15 दिन पहले प्रारंभ इस हड़ताल से आमजन परेशान है। हड़ताल के कारण नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, जमीन की नापजोख बंद है साथ ही आय, जाति, विलंबित जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे काम प्रभावित हैं। मारपीट का यह मामला सत्ता और शासन की व्यवस्था के बीच टकराव गंभीर रूप ले चुका है जिससे प्रदेश का संवैधानिक तंत्र विफल हो चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि अपराध दर्ज होने के बावजूद जिस प्रकार विधायक और उनके समर्थकों को सत्ताधारी दल द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है, उससे सत्ताधारी दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने पारिवारिक कार्य के असंतोष में शासकीय सेवकों को सड़कों पर पीटने का शह मिल रहा है। ऐसे में प्रदेश की पूरी प्रशासकीय व्यवस्था ठप हो जाएगी। इस अराजक स्थिति को सुधारने के लिए प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की आवश्यकता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि विगत एक सप्ताह से जनता राजस्व कार्यालयों के काम लटके हैं। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा स्थिति राष्ट्रपति शासन के लायक है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्तरदायित्वों की जिम्मेदारी सौहार्दपूर्ण ढंग से कराने की जिम्मेदारी सरकार की है।

विधायक का कानून को हाथ में लेना गलत परंपरा स्थापित करता है। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, राकेश गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, शैलेश सिंह, अटल यादव, डॉ.लालंचद यादव, बिगन राम, नरेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।



## बचवार में पेयजल, शौचालय एवं प्रतीक्षालय की कमी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

ग्राम पंचायत शंकरगढ़ की सरपंच अमिता पन्ना द्वारा जनपद पंचायत परिसर स्थित सहकारी बैंक के पास लोगों की सुविधा के लिए वाटर शेड का निर्माण कराया गया है। बताया जा रहा है कि इस स्थान पर पूर्व में भी वाटर शेड लगाया गया था, जो समय के साथ खराब हो गया था। नए वाटरशेड के निर्माण से जनपद परिसर में आने वाले ग्रामीणों, बैंक ग्राहकों एवं अन्य लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वहीं ग्राम पंचायत शंकरगढ़ के अंतर्गत आने वाले बचवार क्षेत्र में आज भी पेयजल, शौचालय एवं प्रतीक्षालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। बचवार चौक में और बाजार के दिन क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बस यात्री, स्कूली छात्र-छात्राएं, राहगीर तथा आसपास के दुकानदार आते-जाते हैं, लेकिन उनके लिए पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। गर्मी के दिनों में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत होती है। इसके अलावा बस स्टैंड में प्रतीक्षालय की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। बारिश के मौसम में स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं, यात्रियों और राहगीरों को बारिश से बचने के लिए कहीं ठहरने की व्यवस्था नहीं मिल पाती। मजबूरी में लोग दुकानों के सामने या अन्य स्थानों पर शरण लेते हैं। ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि बचवार क्षेत्र में वर्षों से पेयजल, सार्वजनिक शौचालय और प्रतीक्षालय की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से मांग की है कि बचवार में शीघ्र पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय एवं यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाए, ताकि यात्रियों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और आम नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। ग्राम पंचायत के उप सरपंच संजय बरगाह ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण अब तक प्रतीक्षालय भवन का निर्माण नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी चौक पर कई वर्ष पहले यात्रियों के लिए एक प्रतीक्षालय भवन बना हुआ था, जिसे किसी कारणवश तोड़ दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में भी चौक के आसपास पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध है। यदि यात्रियों, स्कूली बच्चों एवं नागरिकों की सुविधा के लिए नए प्रतीक्षालय भवन, पेयजल व्यवस्था एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा सकता है।

## एसईसीएल अधिकारियों ने सीएसआर मद से जर्जर सड़क की मरम्मत कराने दिया आश्वासन, स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी

# ओवरलोड मालवाहक वाहनों के खिलाफ कल्याणपुर चौक पर दो घंटे रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

महान-2 एवं महान-3 खदानों से निकलने वाले कोयला और गिट्टी परिवहन से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश बुधवार को सड़क पर खुलकर दिखाई दिया। सड़क की बदहाल स्थिति, ओवरलोड वाहनों की तेज रफ्तार और लगातार बढ़ रहे दुर्घटना के खतरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने कल्याणपुर चौक के पास अंबिकापुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर करीब दो घंटे तक चक्काजाम कर दिया।

आंदोलन के चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि महान-2 और महान-3 खदानों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहन कोयला और गिट्टी लेकर प्रतापपुर मार्ग से कल्याणपुर, पोड़िपा, मंजीरा, बृजनगर, द्वारिकानगर, लटोरी और भटगांव की ओर गुजर रहे हैं। इनमें से कई वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर संचालित किए जा रहे हैं, जिसके कारण सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन जाने से आम लोगों का सफर जोखिम भरा हो गया है। कल्याणपुर-लटोरी मार्ग क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों के लिए जनपद और




जिला मुख्यालय तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है। इसी सड़क से छात्र-छात्राएं स्कूल और कॉलेज जाते हैं, मरीज अस्पताल पहुंचते हैं, किसान अपनी उपज बाजार तक ले जाते हैं तथा कर्मचारी और व्यापारी रोजाना आवागमन करते हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि लोगों को हर सफर में दुर्घटना का भय सताने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि पखवाड़े भर पहले सुखदेवपुर में पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद भारी वाहनों का दबाव इस मार्ग पर बढ़ गया है। परिवहन कार्य में लगे वाहन चालक समय और परिवहन लाइन के दबाव के कारण तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। बुधवार को बढ़ती समस्याओं से नाराज ग्रामीणों और कांग्रेस नेताओं ने कल्याणपुर चौक पर चक्काजाम कर दिया। आंदोलन के कारण अंबिकापुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही जगन्नाथपुर सब एरिया के मैनेजर मयंक वर्मा, प्रतापपुर एसडीओपी अनूप एक्का तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से चर्चा की। लंबे समय तक चली बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत, ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण और क्षेत्रीय विकास कार्यों की मांग रखी। अधिकारियों के समक्ष ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। स्थिति को संभालते हुए एसईसीएल अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि कोल परिवहन से प्रभावित ग्रामों में कंपनी की सीएसआर मद से सड़क मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय निर्माण जैसे कार्य भी किए जाएंगे। अधिकारियों के इस आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने चक्काजाम ⏭ शेष पेज 3 पर

### सुशासन तिहार शिविर में वृद्ध कोटवार को मिला श्रवण यंत्र

**सूरजपुर।** सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण और आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पीढ़ा निवासी 74 वर्षीय कोटवार जानकी आ. सुखलाल को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। कोटवार जानकी ने सुनने में हो रही कठिनाई के संबंध में सुशासन तिहार के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। श्रवण यंत्र मिलने से अब उन्हें दैनिक कार्यों के संचालन के साथ-साथ लोगों से संवाद स्थापित करने में भी काफी सुविधा होगी। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने जानकी को श्रवण यंत्र प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश के बाद बढ़ा उमस



**बैकुण्ठपुर।** बुधवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों का मौसम बिगड़ा रहा, इसके चलते अपरान्ह बाद शहर में अचानक तेज धूप के बीच बौछार पड़ी, इसके बाद धूप खिल गई। इसी तरह जिले के अन्य क्षेत्रों में भी कही बूंदाबांदी तो कही पर हल्की बारिश की जानकारी मिली। उल्लेखनीय है कि 2 जून को नौतपा समाप्त हो गई, इसके दूसरे दिन जिले में कई जगहों पर हल्की बारिश हुई, इससे ज्यादा राहत नहीं मिली ,बल्कि उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। लगातार कई दिनो की गर्मी के बाद अब लोगों को प्री मानसून का इंतजार है ताकि झमाझम बारिश हो और गर्मी से राहत मिल सके।

### जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** जिला प्रशासन और खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हो गया है। यह शिविर 2 जून तक सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान बच्चों को एथलेटिक्स, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल और कराटे जैसे विभिन्न खेलों का कड़ा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का समय रोजाना सुबह 6 से 8:30 बजे तक और शाम को 4:30 से 7:00 बजे तक निर्धारित था। खेल अभ्यास शुरू होने से पहले बच्चों को वार्मअप और फिजिकल एक्सरसाइज कराई जाती थी, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

### निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि वितरण कल

**मनेन्द्रगढ़।** योगधारा योग फेस्ट के अंतर्गत 5 जून को पाइल्स बवासीर रोग से पीड़ति लोगों के लिए निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजस्थान भवन कक्ष क्रमांक 18 में होगा, जहां पंजीकृत व्यक्तियों को दवा तिथि निर्धारित समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजकों के अनुसार औषधि वितरण सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तथा शाम 8 बजे किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति को दवा तीनों समय प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है। योगधारा शिविर के माध्यम से योग, प्राणायाम, ध्यान, आयुर्वेदिक परामर्श एवं स्वस्थ जीवनशैली संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। पाइल्स रोग से राहत के लिए विशेष योग सत्रों का भी आयोजन किया गया है। आयोजकों ने इच्छुक लोगों से समय पर उपस्थित होकर इस निःशुल्क सेवा का लाभ लेने की अपील की है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**बैकुण्ठपुर।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर अटल नगर के अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही किए जाएंगे। प्रवेश से संबंधित दिशा-निर्देश और नियम वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका में दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि आवेदन करने से पहले विवरणिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, ताकि आवेदन में कोई त्रुटि न हो। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैकुंठपुर तथा कटगोड़ी के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

नागपुर हाइवे पुलिस चौकी के ग्राम सोनवर्षा का मामला

# चरित्र शंका में पत्नी की हत्या आरोपी पति गिरफ्तार

मनेन्द्रगढ़/बरबसपुर


मृतका।


जब्त कुल्हाड़ी।


आरोपी।

एमसीबी जिले के नागपुर हाइवे पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनवर्षा में चरित्र शंका के चलते एक पति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और चर्चा का माहौल है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात ग्राम सोनवर्षा निवासी महिला भगवती उम्र 40 वर्षीया घटना दिवस 2 जून की रात्रि में भोजन उपरांत अपने घर में खाट पर सो रही थी। इसी दौरान उसके पति पूरनचंद पिता कमला प्रसाद ने सोते हुए पत्नी के गर्दन पर कुल्हाडी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और अत्यधिक खून बहने से पत्नी भगवती की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही नागपुर हाईवे पुलिस चौकी की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी पति पूरनचंद को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर संदेह करता था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। पुलिस का मानना है कि लंबे समय से चल रहे इसी विवाद और संदेह के कारण आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। मामले की जांच विभिन्न पहलुओं से की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।

नागपुर चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह ने बताया कि पुलिस सभी साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर घटना के दूसरे दिन 3 जून को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही थी। घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और ग्रामीणों में शोक का माहौल है।

रहवासी परेशान लाखों के खर्च पर उठे सवाल

# एसईसीएल कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी


बदहाल सफाई व्यवस्था।

चिरमिरी क्षेत्र स्थित एसईसीएल कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल नजर आ रही है। कॉलोनियों की नालियों में उगी घास, जमा गंदगी और जाम नालियां इस बात का संकेत दे रही हैं कि लंबे समय से नियमित सफाई कार्य नहीं हुआ है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि सफाई व्यवस्था के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। क्षेत्रवासियों के अनुसार कई स्थानों पर नालियां पूरी तरह जाम हो चुकी हैं और उनमें घास-फूस उग आई है। लोगों का कहना है कि सफाई कार्यों की निगरानी केवल कागजों तक सीमित रह गई है। आरोप यह भी है कि संबंधित ठेकेदारों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। निवासियों ने बताया कि इस संबंध में एसईसीएल वेलफेयर कमेटी और संबंधित विभागों को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कर्मचारियों और उनके परिवारों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नजर नहीं आ रहा, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मानसून का समय नजदीक आने से स्थिति और गंभीर होने की आशंका है। जाम नालियों के कारण जलभराव, मच्छरों का प्रकोप तथा डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यापक सफाई अभियान नहीं चलाया गया तो आने वाले दिनों में क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। क्षेत्रवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन से मांग की है कि सफाई कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा मानसून से पहले नालियों और कॉलोनियों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए।

# योग और कर्तव्य ही सफलता का आधार : परमार्थ देव



**मनेन्द्रगढ़।** राजस्थान भवन में आयोजित सात दिवसीय योग धारा शिविर के दौरान हरिद्वार से पधारे स्वामी परमार्थ देव जी महाराज ने छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को योग, जीवन मूल्यों और कर्तव्य पालन के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने योग की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और सफल जीवन के लिए योग को दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

कार्यक्रम में काफी संख्या में व्यापारी एवं चेंबर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वामी परमार्थ देव जी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति का जो कर्तव्य है, वहीं उसका सच्चा धर्म है। भारतीय संस्कृति में धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि अपने दायित्वों और कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा ने सदैव कर्म और कर्तव्य को सर्वोच्च स्थान दिया है। स्वामी जी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन नहीं करता, वह जीवन में कभी संतुष्ट और सुखी नहीं रह सकता। व्यापार, समाज और परिवार हर क्षेत्र में सफलता के लिए कर्मशील होना आवश्यक है। यदि व्यापारी अपने व्यवसाय को व्यवस्थित, पारदर्शी और उन्नत बनाना चाहते हैं, तो उन्हें अनुशासित जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ निरंतर परिश्रम करना होगा। योग व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से इतना सक्षम बनाता है कि वह अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सके। उन्होंने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे अपने व्यस्त जीवन में प्रतिदिन कुछ समय योग, प्राणायाम और ध्यान के लिए अवश्य निकालें, इससे तनाव कम होगा, निर्णय क्षमता बढ़ेगी और कार्यक्षमता में भी सकारात्मक वृद्धि होगी। स्वामी जी ने कहा कि स्वस्थ व्यापारी ही स्वस्थ समाज और मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी संजय अग्रवाल, गणेश जी राज्य प्रभारी, श्रीराम जी, सतीश उपाध्याय, अशोक केशरवानी, रामचरित द्विवेदी, जयचंद बोथरा, सुश्री बिंती अग्रवाल, विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने भी योग और आध्यात्मिक जीवनशैली के संबंध में स्वामी जी से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## टैंकर दुर्घटनाग्रस्त होने से कटगोड़ी में पेयजल संकट गहराया

**कटगोड़ी।** जिले के ग्राम पंचायत कटगोड़ी में पानी सप्लाई करने वाला ट्रैक्टर टैंकर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गांव में पेयजल वितरण पूरी तरह ठप हो गया है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अब तक न तो एसईसीएल प्रबंधन और न ही संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल द्वारा पानी वितरण के लिए टेंडर जारी तो किया गया, लेकिन जिम्मेदार एजेंसियां और अधिकारी मामले को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे। लोगों का कहना है कि एसईसीएल का पूरा ध्यान केवल कोयला उत्पादन पर है, जबकि क्षेत्र के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि गांव में पिछले लगभग 20 वर्षों से स्थायी पेयजल व्यवस्था नहीं हो सकी है। हर चुनाव में जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि न कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहा है और न ही प्रशासन जल संकट को लेकर संवेदनशील दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो गई है। कई परिवारों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि तत्काल वैकल्पिक पानी सप्लाई की व्यवस्था की जाए तथा गांव में स्थायी पेयजल समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि प्रतिवर्ष होने वाली इस समस्या से ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# गोंडवाना मरीन फॉसिल्स में होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को हसदो नदी तट स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल्स क्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान तथा वन मंडल मनेन्द्रगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 7 बजे से आयोजित होगा। संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान के प्रतिनिधि वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान पिछले 48 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

संस्थान द्वारा चंदन वन संरक्षण, नर्मदा बचाओ अभियान तथा मनेन्द्रगढ़ से काठमांडू तक साइकिल यात्रा जैसे अनेक पर्यावरणीय कार्यक्रम संचालित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर हसदो नदी के किनारे स्थित 29 करोड़ वर्ष प्राचीन गोंडवाना मरीन फॉसिल्स क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा। अभियान के तहत अमलतास एवं विभिन्न रंगों के बोगनवेलिया के पौधे लगाए जाएंगे। इसका उद्देश्य नदी तट पर मिट्टी के कटाव को रोकना तथा राष्टीय धरोहर मरीन फॉसिल्स पार्क को हरियाली और रंग-बिरंगे फूलों से समृद्ध बनाना है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत ग्रीन वैली मनेन्द्रगढ़ सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने नगर के गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं पर्यावरण प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर पौधरोपण करने और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है। उनका कहना है कि सामूहिक प्रयासों से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिला एवं मंडल टोली की घोषणा

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों, संगोष्ठियों, प्रदर्शनी, प्रेसवार्ता एवं अन्य आयोजनों के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा कोरिया की जिला स्तरीय टोली की घोषणा की गई है, जो निम्नानुसार है जिला संयोजक पंकज गुप्ता, जिला सह संयोजक तीरथ राजवाड़े, सदस्य श्रीमती गायत्री सिंह, जगनारायण साहू, गोकरण शुक्ला को नियुक्त किए गए हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच ने 70 दिनों तक की शरबत सेवा

**मनेन्द्रगढ़।** भीषण गर्मी के बीच समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मारवाड़ी युवा मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा 26 मार्च से 2 जून तक लगातार लगभग 70 दिनों तक राहगीरों के लिए निःशुल्क शरबत सेवा संचालित की गई। इस सेवा अभियान के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 400 से 500 लोगों को ठंडा शरबत उपलब्ध कराया गया, जिससे गर्मी से राहत मिलने के साथ मानव सेवा का संदेश भी प्रसारित हुआ। मंच अध्यक्ष मनीष गोयल ने बताया कि यह सेवा कार्य समाज के सहयोग, समर्थन और सहभागिता से सफलतापूर्वक संचालित हो सका।




उन्होंने कहा कि इस पुनीत अभियान में अनेक लोगों ने तन, मन और धन से योगदान देकर इसे जनहित का एक सफल आयोजन बनाया। मंच ने उन सभी सहयोगियों, दानदाताओं एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह सेवा निरंतर जारी रह सकी। मारवाड़ी युवा मंच ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में समाज का इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा। मंच का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में परोपकार, सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करना है।

# दिन में इंटरसिटी ट्रेन की मांग ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



कोयलांचल और सीमावर्ती अंचल के लाखों लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब फिर से जोर पकड़ने लगी है। चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, अनूपपुर, पेंड्रा, बिलासपुर और रायपुर को जोड़ने वाली दिन के समय संचालित इंटरसिटी ट्रेन की मांग को लेकर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार आवाज उठाई जा रही है।

लोगों का कहना है कि बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों के लिए इस रेल सेवा का शुरू होना बेहद आवश्यक है। कई वर्षों से क्षेत्र के नागरिक ऐसी ट्रेन की मांग कर रहे हैं, जो सुबह चिरमिरी या मनेन्द्रगढ़ से रवाना होकर दिन में रायपुर पहुंचे और शाम तक वापस लौटे। वर्तमान में राजधानी रायपुर तक पहुंचने के लिए यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है या फिर सड़क मार्ग का सहारा लेना पड़ता है। इससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त खपत होती है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि इंटरसिटी ट्रेन शुरू होती है तो हजारों यात्रियों को प्रतिदिन लाभ मिलेगा और लंबे समय से देखा जा रहा उनका सपना साकार हो सकेगा।

एमसीबी जिला और आसपास के क्षेत्रों के कई गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर और रायपुर जाना पड़ता है। रायपुर स्थित बड़े सरकारी एवं निजी अस्पतालों तक पहुंचने में वर्तमान रेल व्यवस्था पर्याप्त सुविधा नहीं दे पा रही है। दिन में इंटरसिटी ट्रेन शुरू होने से मरीज सुबह घर से निकलकर इलाज करवा सकेंगे और उसी दिन वापस लौट सकेंगे, इससे मरीजों और उनके परिजन को राहत मिलेगी तथा चिकित्सा खर्च में भी कमी आएगी।


### व्यापार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़ और अनूपपुर क्षेत्र खनिज, वन संपदा और व्यापारिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। रेल संपर्क मजबूत होने से व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। साथ ही अमृतधारा जलप्रपात, रामदह, गोविंदगढ़ और आसपास के पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की पहुंच भी आसान होगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आज भी चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ से रायपुर तक दिन में सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है। यही कारण है कि नागरिक संगठन और जनप्रतिनिधि रेलवे मंत्रालय से जल्द इंटरसिटी ट्रेन के संचालन की मांग कर रहे हैं। लोगों को उम्मीद है कि रेलवे प्रशासन जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जल्द ही इस बहुप्रतीक्षित रेल सेवा को मंजूरी देगा, जिससे कोयलांचल और सरगुजा अंचल के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिल सकेगा।

5 घंटे चली मैराथन समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी,गोलमोल जवाब से मिली फटकार

# काम कर देंगे नहीं, काम हो गया है कहना होगा: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



बैठक लेती कलेक्टर।


उपस्थित अधिकारी।

जिला पंचायत के मंथन सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित विभागवार समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सख्त रूख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम दिखाई देने चाहिए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा काम कर देंगे हो जाएगा सुनना नहीं है, बल्कि काम हो रहा है, काम हो गया है यह सुनना होगा। करीब 5 घंटे तक चली इस बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, ग्रामीण यांत्रिकी, समाज कल्याण तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत पीएम जनमन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा से हुई। अधिकारियों ने बताया कि पीएम जनमन के तहत स्वीकृत 75 आवासों में से 53 पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 21 अभी भी अपूर्ण हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2024-26 के अंतर्गत स्वीकृत 16,363 आवासों में से 10,243 आवास पूर्ण हुए हैं। अपूर्ण आवासों की जानकारी लेते समय कई तकनीकी सहायक और अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

### फील्ड में जाएं, काम देखें और पूरा कराएं

कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यालय तक सीमित न रहने की सलाह देते हुए कहा कि सरकार वेतन इसलिए नहीं देती कि केवल फाइलों में काम होता रहे। अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण करें, गुणवत्ता परखें और समय पर कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि ढर्रे पर काम करने की बजाय सिस्टम आधारित कार्यप्रणाली अपनानी होगी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी।

### मनरेगा कार्यों की जमीनी हकीकत जानने की तैयारी

मनरेगा की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 54,030 परिवार और 91,545 श्रमिक पंजीकृत हैं। इनमें 49,313 सक्रिय परिवार और 79,759 सक्रिय श्रमिक शामिल हैं। आजीविका डबरी निर्माण कार्यों की समीक्षा में सामने आया कि स्वीकृत 123 कार्यों में से 53 पूर्ण हुए हैं, जबकि 20 कार्य अब तक शुरू ही नहीं हो सके हैं। इस पर कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और वास्तविक स्थिति का निरीक्षण वे स्वयं करेंगी तथा मौके पर जाकर जानकारी लेंगी। व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय निर्माण की समीक्षा के दौरान प्रगति बेहद धीमी पाई गई। व्यक्तिगत शौचालयों के लक्ष्य के मुकाबले केवल 223 निर्माण पूर्ण हुए हैं, जबकि सामुदायिक शौचालयों में एक भी शौचालय पूर्ण नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 15 से 20 दिनों में बनने वाले कार्य महीनों तक लंबित क्यों हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। मझगवां और लटमा में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने यूनिटों की कार्यप्रणाली और स्व-सहायता समूहों को हो रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्वयं यूनिटों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का ऑकलन करेंगी। बैठक के अंत में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने अधिकारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठकों में उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि एक माह बाद पुनः समीक्षा की जाएगी और प्रगति का मूल्यांकन होगा।

## खबर संक्षेप



### जमीन अधिग्रहण करने मुआवजे के लिए एसईसीएल प्रबंधन का ग्रामीणों को नोटिस

**लखनपुर।** एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जबरदस्ती ग्राम कटकोना सहित आसपास के ग्रामों में निवासरत करीब 157 ग्रामीणों को मुआवजा लेने नोटिस दिए जाने के बाद आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल ग्रामीणों से मिलने पहुंचा। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने ग्रामीणों के बीच पहुंच ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे जमीनो को जबरदस्ती बिना हमारे अनुमति के अधिग्रहण करने को कोशिश की जा रही है। हमारे ऊपर जबरदस्ती मुआवजा लेने का दबाव बनाया जा रहा है और मुआवजा नहीं लेने पर नोटिस थमाया गया है। ग्रामीणों ने कहा की हमें अपनी ज़मीन एसईसीएल प्रबंधन को नहीं देनी और न ही हमें कोई मुवावजा चाहिए। इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने ग्रामीण को समझाइश देते हुए कहा की आपसे आपकी ज़मीन कोई जबरदस्ती नहीं छीन सकता। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आपके ऊपर मुआवजा लेने का दबाव बनाया जाना सरासर ग़लत है आप सभी को एक जुट रहना होगा और कांग्रेस पार्टी आपके साथ है। हमारे द्वारा इस ओर हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित सिंह देव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, प्रदेश सचिव रणविजय सिंहदेव, रमेश जायसवाल, वीरेंद्र सिंह देव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### किसानों को रकबा अनुरूप खाद उपलब्ध कराने की मांग, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीरज तिवारी ने किसानों को खरीफ सीजन में आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं वितरण कराने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया है कि मानसून के आगमन के साथ धान सहित खरीफ फसलों की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे समय किसानों को यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त आवश्यकता होती है, लेकिन पूर्व वर्षों में खाद की कमी, अनियमित आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की अव्यवस्था के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था और कृषि कार्य भी प्रभावित हुए थे। उन्होंने मांग की गई है कि जिले के सभी सहकारी समितियों एवं खाद वितरण केंद्रों में यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों के पंजीकृत रकबे के अनुसार खाद का वितरण किया जाए। साथ ही खाद की कालाबाजारी एवं कृत्रिम कमी पर प्रभावी रोक लगाने, वितरण केंद्रों में अतिरिक्त काउंटर एवं आवश्यक व्यवस्थाएं करने तथा खाद उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है।

### ऑनलाइन परीक्षा प्लेटफार्म एसजीजीयू ई-टेस्ट का एमओयू



**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के ऑनलाइन परीक्षा प्लेटफार्म एसजीजीयू ई टेस्ट के संचालन एवं तकनीकी सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले की उपस्थिति में विवि के कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी तथा केआर टेक्निकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने हस्ताक्षरित किया। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालयों के लिए एसजीजीयू ई-टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाएगा जिसके माध्यम से महाविद्यालय सीलए-1 एवं सीएलए -2 परीक्षाओं का संचालन डिजिटल माध्यम से कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म पर महाविद्यालयों को अलग-अलग लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से वे अपने विद्यार्थियों का पंजीयन, विषयवार प्रश्न अपलोड, परीक्षा की तिथि एवं समय निर्धारण तथा परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान केआर टेक्निकल कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष कान्त दुबे, उपाध्यक्ष राहुल जैन उपस्थित थे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहल को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप डिजिटल परीक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## बरसात में कीचड़ से तो गर्मी में धूल ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

# दो दशक बाद भी नहीं हुई सिरकोतंगा पुहपुटरा जर्जर सड़क की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की जर्जर सड़क ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बरसात के मौसम में जहां क्षेत्र के लोग कीचड़ से परेशान थे वहीं अब धूल व जर्जर सड़क से हलकान हो गए है। ऐसे में अब क्षेत्र के लोगों को आवागमन करना मुश्किल हो गया। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोग पिछले लगभग 20 साल से सड़क मरम्मत कराने की मांग कर रहे है लेकिन आज तक लोगों को जर्जर सड़क से मुक्ति नहीं मिली है। आलम यह है कि क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- शिकायत के बाद भी जर्जर सड़क से क्षेत्र के लोगों को नहीं मिली मुक्ति

जनपद पंचायत लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत बारिश के बाद से और भी दयनीय हो गई। सड़क कटकोना से पुहपुटरा और रजपुरी कला से एनएच 130 पर जाकर मिलती है। लगभग 12 किलोमीटर सड़क को एसईसीएल द्वारा लगभग 20 वर्ष पूर्व बनाया गया था जो मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है। सड़क निर्माण के कई साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को हर मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में बारिश होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है और जैसे ही बरसात खत्म होता है तो सड़क की हालत और भी खराब हो जाती है। सड़क के जर्जर तथा धूल के गुबार उड़ने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती ही है साथ ही क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत लखनपुर के अंतर्गत अमेरा खदान क्षेत्र से कटकोना–पुहपूटरा–सिरकोतंगा –रजपुरी मार्ग एनएच 130 जोड़ने वाली मार्ग की बदहाली पिछले कई वर्षों से है। सड़क की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट बनी हुई है। वर्ष 2006–07 में एसईसीएल द्वारा अमेरा खदान संचालन के साथ ही इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद लगभग 20 वर्षों में आज तक दोबारा मरम्मत की गई जिससे सड़क की हालत दिनों दिन और भी खराब हो जा रही है। बारिश के दिनों में कीचड़ तो सूखा मौसम में धूल व जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।



### तीन गांव को जोड़ती है सड़क

यह सड़क न केवल तीन गांवों को जोड़ती है, बल्कि इस मार्ग से ही संभाग के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आने जाने का मुख्य रूट है। ग्राम पंचायत सिरकोतगा व पूहपुटरा को आदर्श ग्राम घोषित किया गया था। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार, ग्रामीण बैंक, हायर सेकेंडरी स्कूल और उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण बडी संख्या में लोग आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### कई बार कर चुके है शिकायत

इस मार्ग से मंत्री, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं तथा सड़क की वास्तविक स्थिति से अवगत होने के बावजूद सड़क की हालत ज्यों कि त्यों पड़ी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर सड़क की समस्या को लेकर पिछले साल ही दो बार जिला प्रशासन को अवगत किया। साथ ही एसईसीएल प्रबंधक से मुलाकात कर समस्या बताई। इसके अलावा सुशासन तिहार में भी शिकायत की गई लेकिन आज तक सड़क मरम्मत नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के लोग जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

### सड़क नहीं बनी तो करेंगे आंदोलन

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण हुए 20 साल से अधिक हो गए है। न तो सड़क की मरम्मत हो सकी और न ही नए सिरे से सड़क निर्माण किया गया। ऐसे में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण बारिश का पानी एकत्र हो जाते है जिससे आने जाने में दिक्कत होती है। पूर्व में भी कई बार सड़क की समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत करा चुके है परंतु आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। जल्द ही सड़क मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में गांव के लोग आंदोलन करेंगे।

### एसईसीएल कराएंगा निर्माण

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा, पुहपुटरा मार्ग काफी लंबा है अगर छोटा सीसी रोड होता तो निर्माण कराया जा सकता था। एसईसीएल की सड़क होने के कारण एसईसीएल द्वारा टेंडर कराकर निर्माण कराया जाएगा।

-प्रकाश सिंह, जनपद सीईओ



## बारिश से कीचड़ में तब्दील एनएच वाहन फंस रहे जाम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही एक बार फिर सामने आई। सड़क निर्माण के दौरान डाली गई मिट्टी और मुरुम बारिश के कारण दलदल में तब्दील हो गई, जिससे बुधवार सुबह एक भारी वाहन सड़क पर फंस गया। वाहन के फंसने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। काफी मशक्कत के बाद सड़क निर्माण कार्य में लगी मशीनों की सहायता से वाहन को बाहर निकाला गया, तब जाकर आवागमन बहाल हो सकी।

बलरामपुर से अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 343 का निर्माण इन दिनों जारी है। निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क के कई हिस्सों में मिट्टी भराई का कार्य किया गया है। मंगलवार देर शाम क्षेत्र में हुई बारिश के कारण ग्राम झींगों में निर्माणाधीन सड़क का हिस्सा कीचड़युक्त हो गया। बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक भारी वाहन वहां से गुजरने के दौरान कीचड़ में फंस गया। वाहन के फंसते ही सड़क की दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्री और वाहन चालक घंटों जाम में फंसे रहे। स्थिति को देखते हुए निर्माण में लगे जेसीबी और अन्य भारी मशीनों की मदद से फंसे वाहन को बाहर निकाला गया। इसके बाद यातायात बहाल हो हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली।



# तुलसी साहित्य समिति ने किया कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तुलसी साहित्य समिति ने मालवीय भवन में बीडी लाल की अध्यक्षता एवं सच्चिदानंद पाण्डेय, देवेन्द्रनाथ दुबे, पूर्णिमा पटेल और चंद्रभूषण मिश्रा के आतिथ्य में कवि सम्मेलन किया।

सम्मेलन डॉ.माधुरी जायसवाल की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। बीडी लाल ने प्राण पपीहा पी-पी करता, अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने गर्मी ने अब छीन ली लोगों की मुस्कान, पूर्णिमा पटेल ने लिखते-लिखते तेरी कहानी कुछ, थम गई वक्त की रवानी कुछ, कृष्णकांत पाठक ने काश मैं भी बादल होता, देवेन्द्रनाथ दुबे ने अब तो हर इंसान के इमान पाए लगते हैं, संतोष दास सरल ने कोई हमदर्द मिले, दिन का दर्द बांट लूं, अमित प्रेम ने मिलने आते है मुझसे सारे गम तुम्हारे बिना, अजय सागर ने फिन न जाना सांवरी, तू मुझे यूं छोड़ के, राजेश पाण्डेय अब्र ने कम या ज्यादा हम होते हैं रचना सुनाई।

सम्मेलन में अंजू प्रजापति ने कुछ लोग उम्र में बड़े होते हैं, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने वहीं अंग्रेज और वही अंग्रेजी शासन, अंबरीश कश्यप ने अपनी नजरों से जो गिर जाओंगे, श्यामबिहारी पाण्डेय ने जागों मेरे देश के शेरों, चंद्रभूषण मिश्र मृगांक ने लम्हा-लम्हा तेरा चेहरा सामने आता है, रामलाल विश्वकर्मा ने आर्यावर्त की पुण्य धरा पर, अवध में आए थे राम की प्रस्तुति दी। जेपी चौबे और प्रकाश कश्यप ने भी अपनी रचना का वाचन किया। आभार प्रदर्शन मुकुंदलाल साहू ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, सूर्यकांत दुबे और हरिशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार शिविर में मिले 274 आवेदन, 94 मामलों का समाधान

**सोनगरा।** सुशासन तिहार अभियान के तहत विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत दुरती में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। मूसलाधार बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं लेकर शिविर पहुंचे, वहीं जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी पूरी तत्परता के साथ उपस्थित रहकर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान की दिशा में पहल की।

- बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में शिविर पहुंचे ग्रामीण

दुरती सेक्टर की 18 से अधिक ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं और मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। शिविर में कुल 274 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 94 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष 180 आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिविर में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सुशासन तिहार का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं, बल्कि समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। सरकार चाहती है कि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसलिए प्रशासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा ने भी संबोधित किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 14 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग की ओर से 9 वृद्धजनों को पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपे गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इसके अलावा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीएम ललिता भगत, जनपद सीईओ अनिल तिवारी, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शरद चंद्र द्विवेदी, नपं अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, गोपाल शरण सिंह, राजकुमार गुप्ता, श्याम प्रजापति, मुकेश सिंह, दीपक मिश्रा, अजीत गुप्ता, अनुराग द्विवेदी, रामदेव रजक, नागेंद्र सिंह, प्रतीक जायसवाल, अनुज सिंह, मुकेश गुप्ता, बसंत यादव, प्रतीक जायसवाल, विकास तिवारी, मीना श्रीवास्तव, पंचमणि सिंह, रंजय सिंह, डॉ. संतोष सिंह, साजिद शेख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## पेज 1 के शेष...

### ओवरलोड मालवाहक...

समाप्त कर यातायात बहाल कर दिया।आंदोलन के दौरान पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व चेयरमैन शफी अहमद, जिपं सदस्य नरेंद्र यादव, कंवल बिहारी सिंह टेकाम, सरपंच गोवर्धन सिंह मरकाम, रोहन राजवाड़े, सरपंच ओम प्रकाश सिंह, घरभरन, अर्जुन, अरविंद सिंह, माखन जायसवाल, प्रेम राजवाड़े, सुकुमार मंडल, दुष्यंत तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का, लटोरी चौकी प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता, खड़गवां प्रभारी रघुवंश सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर
गायत्री हॉस्पिटल
• सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द, • सिर की चोट (हेड इन्जुरी) • रीढ़ की हड्डी की चोट • ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर • बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल) • पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील) • माइक्रो एण्डोस्कोपी • लकवा, सियाटिका • स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- दोपहर 02 बजे से रात्रि 8 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं / सर्जरी सेवाएं: बवासीर (Piles), फिस्टुला (Fistula), फिशर (Fissure), हाइड्रोसील (Hydrocele), अपेंडिक्स (Appendix)
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

प्रसिद्ध मनोरोग, नशा मुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
आपके शहर अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
उपलब्ध उपचार — माह के प्रथम रविवार 07 जून को अंबिकापुर में उपलब्ध
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, निंद की कमी, उन्माद, आत्महत्या के विचार, पागलपन, अजीब अभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना, सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, बच्चों में चंचलता, बच्चों एवं बुजुर्गो में याददास्त की कमी, मंदबुद्धि, सेक्स समस्या, शराब एवं अन्य नशों की लत।
एस.आर.एस. हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर 7987779819, 7880289133

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### जन चेतना कल्याण मंच ने पुलिस परिवार का किया सम्मान

**रामानुजगंज।** सामाजिक सरोकारों के लिए निरंतर सक्रिय स्वयंसेवी संस्था जन चेतना कल्याण मंच के तत्वाधान में थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना पुलिस परिवार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरानडीह के सरपंच पति सुनील कुमार कन्हरे एवं जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दिन-रात जन सेवा में तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों का सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। संस्था अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही एक सुरक्षित एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है। सुनील कुमार कन्हरे ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। उनके समर्पण और सेवा भावना के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। पुलिस कर्मियों ने कहा कि समाज के लोगों द्वारा दिया गया सम्मान उन्हें और अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। लोकगायक पवन कुमार पाण्डेय ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास एवं सहयोग का संबंध लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। ऐसे सम्मान समारोह आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। थाना प्रभारी अजय साहू ने कहा कि पुलिस विभाग जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा समय-समय पर मिलने वाला सहयोग एवं सम्मान पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करता है।

### व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए 14 प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को भेजा गया थाना



**अम्बिकापुर।** पुलिस मुख्यालय के आदेश पर राज्य पुलिस अकादमी चन्द्रखुरी से बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त 14 प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु सरगुजा भेजा गया है। बुधवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बैठक के दौरान सभी प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को अपने कर्तव्य स्थल पर बेहतर कार्य करने, निष्पक्ष विवेचना, बेहतर तकनीकी विश्लेषण की जानकारी रखने के अलावा व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक कार्यों को बेहतर तरीके से लगन एवं मेहनत से करने निर्देशित किया। प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु थाना कोतवाली में 3, गांधीनगर, सीतापुर एवं मणीपुर में 2-2, उदयपुर, लखनपुर, बतौली, लुण्ड्रा, दरिमा में 1-1 की पदस्थापना की गई है। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक राहुल बंसल, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, उपनिरीक्षक अभय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## खेती किसानी के इस सीजन में डीजल के लिए भटक रहे किसान

# शंकरगढ़ सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल- डीजल की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

संभाग में प्री मानसून अब दस्तक देने लगा है। ऐसे में बरसात का मौसम करीब होने से किसान खेती किसानी की तैयारियां शुरू कर दी है लेकिन डीजल की किल्लत ने किसानों की परेशानी और भी बढ़ा दी है। क्षेत्र में इन दिनों डीजल-पेट्रोल की कमी से किसान और आम उपभोक्ता परेशान हैं। पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल नियमित रूप से उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्र में पेट्रोल डीजल की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। क्षेत्र की कई दुकानों में खुलेआम इसकी कालाबाजारी की जा रही है। स्थिति यह है कि पेट्रोल पंपों पर पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को ईंधन नहीं मिल पा रहा है और उन्हें मजबूरी में अधिक कीमत देकर स्थानीय व्यापारियों से डीजल-पेट्रोल खरीदना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- किसान महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर
- डीजल की कालाबाजारी जोरों पर, 40 से 50 रूपए महंगे दामों में खुले में बेच रहे डीजल व पेट्रोल

स्थानीय लोगों और किसानों का कहना है कि खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में किसान डीजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ट्रैक्टर, पंप और कृषि उपकरणों के संचालन के लिए डीजल की मांग बढ़ी हुई है, लेकिन अधिकांश पंपों में या तो डीजल उपलब्ध नहीं है या सीमित मात्रा में दिया जा रहा है। किसानों के अनुसार क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल का स्टॉक एक-दो दिन के भीतर ही समाप्त हो जाती है। वहीं दूसरी ओर कुछ स्थानीय व्यापारियों के पास डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं दिखाई देती। किसानों का आरोप है कि ऐसे व्यापारी निर्धारित दर से 30 से 40 रुपये प्रति लीटर अधिक कीमत वसूलकर डीजल-पेट्रोल बेच रहे हैं, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा क्षेत्र के कुछ पेट्रोल पंपों में निर्धारित दर पर ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं से प्रति लीटर लगभग 5 रुपये अतिरिक्त राशि लेकर डीजल-पेट्रोल बेचे जाने की भी शिकायत हैं। डीजल-पेट्रोल की कमी का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर, पंपसेट एवं अन्य कृषि यंत्रों के संचालन में परेशानी हो रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है जिसे लेकर किसान अब चिंतित नहर आने लगे है।



**सीमित मात्रा में आपूर्ति**

पेट्रोल डीजल की किल्लत से जहां किसान सहित उपभोक्ता परेशान है वहीं कंपनी से समय पर पेट्रोल उपलब्ध नहीं होने से पेट्रोल पंप संचालक भी परेशान है। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि उन्होंने तेल कंपनियों को अग्रिम राशि जमा कर दी है, लेकिन ऊपर से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि मांग की तुलना में सप्लाई बेहद कम है, जिससे स्थिति बिगड़ रही है।

**दो दिन के भीतर पेट्रोल पंप ड्राई**

शंकरगढ़ सहित आसपास क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंपों में पेट्रोल आने के महज दो दिन बाद खत्म हो जाती है। यह समस्या पिछले कुछ माह से है। पेट्रोल पंप में टैंकर के आने के बाद देखते ही देख पेट्रोल पंप में वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। पेट्रोल पर पर वाहनों के भीड़ बढ़ने पर मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। लोगों का कहना है कि पेट्रोल व डीजल की उपलब्धा सही हो तो ऐसी स्थिति नहीं बनेगी।

**जमाखोरी करने की आशंका**

पेट्रोल पंप ड्राई हो जाए लेकिन दुकानों में बोतल में बिक्री कर रहे पेट्रोल कभी ड्राई नहीं होती है। लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप में लाइन लगने के बावजूद पेट्रोल नहीं मिल पाता है लेकिन दुकान में बिक्री करने वालों के पास कहा से पेट्रोल आता है यह समझ से परे है। लोगों ने दुकानदारों पर पेट्रोल डीजल जमाखोरी करने की आशंका जताई है।

**कराई जाएगी जांच**

मामले की जानकारी मिली है। अपनी टीम से चर्चा कर जांच कराई जाएगी। यदि कहीं अनियमितता या कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-अनमोल टोप्पो**, एसडीएम शंकरगढ़

## यूपी से ला रहे थे डीजल 2 आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



मुखबिर की सूचना पर बसंतपुर पुलिस ने यूपी से डीजल की तस्करी करते 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनसे 11 जरीकेन में भरा 385 लीटर डीजल जब्त किया है। जब्त डीजल की कीमत 39655 रूपए बताई जा रही है।

- बसंतपुर पुलिस ने आरोपियों से जब्त किया 11 जरीकेन में 385 लीटर डीजल

बसंतपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि स्कार्पियों क्रमांक सीजी 16 सीई 9790 से दो व्यक्ति यूपी के आसनडीह से डीजल लेकर अवैध तरीके से आसनडीह की ओर जा रहे हैं। सूचना पर बसंतपुर पुलिस थाना के सामने से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा बताई गई स्कार्पियों पहुंची तो पुलिस ने रोककर उसकी जांच की। वाहन में ग्राम स्याही निवासी चालक गुल्लु कनौजिया पिता शिवदास कनौजिया (30वर्ष) एवं ग्राम मेंढारी निवासी साथी, राहुल जायसवाल पिता शंकर गुप्ता (22वर्ष) सहित वाहन की तलाशी ली तो 11 जेरीकेन में भरा 385 लीटर डीजल मिला। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## झाड़फूंक कराने पति नहीं ले गया मायके तो पत्नी ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पति द्वारा झाड़ फूंक कराने के लिए मायके नहीं ले जाने से नाराज हुई पत्नी ने कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम रतनपुर निवासी गुड्डी बाई पति भुनेश्वर प्रसाद (47 वर्ष ) दिमागी हालत ठीक नहीं होने तथा अस्वस्थ्य रहने पर परिजन घरेलू उपचार के साथ झाड़ फूंक करा रहे थे। 26 मई की सुबह पति काम पर चला गया जबकि पत्नी कमरे में सो रही थी। काफी देर बाद भी नहीं उठी तो परिवार के लोगों ने भुनेश्वर को जानकारी दी। जब पति कमरे में पत्नी को उठाने गया तो देखा वह कांप नहीं है वहीं पास ही कीटनाशक का डिब्बा देख कीटनाशक पी लेने की आशंका पर तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान 3 जून की उसकी मौत हो गई। पति ने पुलिस को बताया कि कीटनाशक पीने से दो तीन दिन पूर्व पत्नी झाड़ फूंक कराने मायके ले जाने की बात कही थी। संभवतः मायके नहीं जाने से कीटनाशक पी ली होगी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## जिला स्तरीय कृषि स्थायी समिति की बैठक, खरीफ तैयारी एवं किसान हितैषी योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की बैठक सभापति लवकेश पैकरा की अध्यक्षता में कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं समवर्गीय विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए खरीफ सीजन की तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई।

बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, जल संसाधन, जिला विपणन एवं सहकारी विभाग के अधिकारियों ने विभागवार जानकारी प्रस्तुत की। समीक्षा के दौरान खरीफ के लिए जिले में बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, समितियों में भंडारण तथा किसानों को वितरण की स्थिति की जानकारी ली गई। सभापति श्री पैकरा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा की स्थिति के अनुरूप फसलों का चयन कर क्षेत्राच्छादन के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बीज एवं उर्वरकों का वितरण छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण के लिए बीज एवं उर्वरकों के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण कराने तथा कृषि आदान विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में शासन से प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने और समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उद्यानिकी विभाग को सब्जी एवं फल फसलों के क्षेत्र विस्तार के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि स्थायी समिति के सदस्य अनुज कुमार राजवाड़े, संपदा पैंकरा, मोहर साय सोनवानी, जयपाल सिंह मराबी, श्रीमती तरन्नुम खानम, डॉ. आशुतोष चौबे, श्रीमती ज्योतिर्मयी तथा लिवन खेस्स सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में महिलाओं को दिया जा रहा व्यवसायिक प्रशिक्षण



**बिश्रामपुर।** सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में महिलाओं और छात्राओं के लिए ब्युटी पार्लर एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिसर बंगाली क्लब के पास बिश्रामपुर में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में महिलायें व छात्राएं इस अवकाश का उपयोग नए-नए ज्ञान प्राप्त करने में या ऐसा शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त करने में करती हैं, जो भविष्य में उनके कैरियर निर्माण में काम आए या उस विधा का उपयोग कर के वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। वर्तमान में कुशल प्रशिक्षिकाओं द्वारा ब्युटी पार्लर एवं कढ़ाई का बेसिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो कि निःशुल्क है। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण प्राप्त करने से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ती है और मुश्किल समय में वे अपने परिवार को मजबूत आर्थिक सहायता दे पाती हैं। महिलाओं के सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होती है और वो समाज में एक घरेलु महिला के साथ एक सफल व्यवसायी के रूप में भी अपनी पहचान बनाने में सफल होती है। स्वयं का काम संभालने से महिलाओं का मनोबल और अत्मविश्वास बढ़ता है, उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रारंभ होने के पश्चात भी जब तक कोर्स पूर्ण नहीं होता है, ये प्रशिक्षण कार्यक्रम निरन्तर चलता रहेगा।



## नवा तरिया निर्माण से जिले के ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्रामीण विकास, जल संरक्षण एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की दिशा में जिले में एक बड़ी पहल की गई है। कलेक्टर रेना जमील के निर्देशन एवं जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में जिले की 24 ग्राम पंचायतों में श्विकसित भारत जी रामजी अभियानश अंतर्गत 24 नए तालाब निर्माण को स्वीकृति प्रदान करते हुए उन पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

- विकसित भारत जी राम जी अभियान के तहत 24 ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत

इस महत्वाकांक्षी निर्माण के माध्यम से जिले के ग्रामीण श्रमिकों के लिए लगभग 1 लाख 50 हजार मानव दिवस का रोजगार सृजित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के पंजीकृत मजदूरों को उनके गांव एवं स्थानीय स्तर पर ही सीधे रोजगार उपलब्ध हो रहा है। इस पहल से न केवल ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि काम की तलाश में होने वाले पलायन में भी कमी आने की संभावना है। साथ ही नवा तरिया के निर्माण से वर्षा जल का बेहतर संग्रहण हो सकेगा, जिससे क्षेत्र के भू-जल स्तर में सुधार आएगा तथा आसपास के खेतों के लिए सिंचाई की सुविधाएं बढ़ेंगी। प्रशासन की योजना इन तालाबों को केवल जल संरक्षण तक सीमित रखने की नहीं, बल्कि इन्हें सीधे ग्रामीणों की आजीविका से जोड़ने की है। इसके लिए विशेष कार्ययोजना के तहत स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तालाबों में मत्स्य पालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही तालाब के आसपास की भूमि पर सब्जी एवं अन्य नकदी फसलें उगाई जाएंगी तथा ग्रामीण समूहों के माध्यम से अन्य आयमूलक गतिविधियाँ विकसित कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जाएगी। गांवों में चल रहे निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं श्रमिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

तेज डायग्नोस्टिक
ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस (A unit of MRM Pvt. Ltd.)
MRI & CT Scan सुविधा उपलब्ध
अत्याधुनिक मशीनों के साथ सटीक, तेज़ और भरोसेमंद जाँच
24/7 डायग्नोस्टिक सेवाएँ
क्योंकि सही समय पर जाँच सही इलाज की पहली ज़रूरत है
अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट की देखरेख में हर रिपोर्ट – पूरी सावधानी और मेडिकल एक्सपर्टीज़ के साथ
Tej Diagnostic
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध
8224007799
7000619700
UNIT-1 बाबूपारा जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
UNIT-2 रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026


नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166